# ‘ईवी क्षेत्र पांच करोड़ रोजगार देगा’

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का कहना कि वर्ष 2030 तक भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार 20 लाख करोड़ रुपये तक का होगा। तेजी से बढ़ रहे ईवी बाजार से समूचे क्षेत्र में देश भर में पांच करोड़ नौकरियां भी पैदा होंगी। सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को प्रोत्साहन देने की दिशा में प्रतिबद्ध है, जिसके चलते देश में यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है।

ई-वाहन उद्योग की स्थिरता पर आयोजित 8वें कैटलिस्ट कॉन्फ्रेंस- ईवी एक्सपो-2024 को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारा देश में 40 फीसदी वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। जीवाश्म ईंधन का आयात हमारे देश में कई समस्याएं उत्पन्न कर रहा है। हम 22 लाख करोड़ रुपये मूल्य के जीवाश्म ईंधन का आयात करते हैं, जो एक बड़ी आर्थिक चुनौती है। ऐसे स्थिति में सरकार हरित ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत की 44 प्रतिशत बिजली की खपत सौर ऊर्जा पर आधारित है।

**आगे बढ़ने के बड़े अवसर:** गडकरी ने उद्यमियों से कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में आगे बढ़ने को पर्याप्त अवसर हैं। आज देश में एक लाख इलेक्ट्रिक बसों की जरूरत है लेकिन अभी हमारे पास केवल 50 हजार बस हैं। यह आपके कारखाने के विस्तार का सही समय है।